**Title:** Urged the Central Government to provide basic amenities and financial aid to people living in camps in border districts of Jammu and Kashmir.

**वैद्य विणु दत्त शर्मा (जम्मू) :** उपाध्यक्ष महोदय, जम्मू-कश्मीर की जो सरहद पाकिस्तान के साथ लगती है, वहां निरंतर पाकिस्तानी गोलाबारी के कारण एक लाख के करीब लोग विस्थापित हुए हैं। वे एक साल से ज्यादा अर्से से कैम्प्स में रह रहे हैं। उनका खेती-बाड़ी के अलावा दूसरा कोई रोजगार नहीं था। केन्द्र की तरफ से उनको जो आर्थिक सहायता मिलती है, वह भी दो-दो, चार-चार महीने के बाद मिलती है। मेरा निवेदन है कि उनको मासिक आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। बरसात और तेज हवा के चलते उनके कैम्प भी फट गए हैं इसलिए उनको रिप्लेस किया जाए। वहां बिजली, पानी और दवा आदि की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। अतः केन्द्र सरकार राज्य सरकार से आग्रह करे कि उनके बच्चों को पढ़ाई की सुविधा, बिजली, पानी, राशन और आर्थिक सहायता की सुविधा समुचित रूप से उपलब्ध कराई जाए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 3.00 p.m.

**14.04 hrs**

***The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fifteen of the Clock.***

-----------

**15.04 hrs**

**The Lok Sabha re-assembled after Lunch at four minutes**

***past Fifteen of the Clock.***

**(Shri P.H.Pandiyan *in the Chair*)**